हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

13 दुनिया में मां से बड़ा महामंत्र कोई नहीं, हर दर्द की ...



14 अंधेरे से निजात दिलाने को बदली जाएगी ...



## खबर संक्षेप



भिवानी। बैठक में उपस्थित कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ के सदस्य।

### कंप्यूटर लैब अटेंडेंट को दिया बातचीत का न्योता

**भिवानी।** कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की ओर से प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र प्योंत और राज्य महासचिव सुनील राणा ने बताया कि शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर के चंडीगढ़ कार्यालय से पत्र के माध्यम से सूचना मिली है कि 27 दिसंबर बुधवार को शिक्षा सदन कार्यालय पंचकूला में सुबह 11 बजे कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के शिष्टमंडल से आधिकारिक बैठक होगी, जिसकी अध्यक्षता शिक्षामंत्री कंवरपाल गुज्जर करेंगे।

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बाढ़ड़ा।** सारंगपुर में कैंटर व बाइक की टक्कर हो गई, जिसके बाद बाइक सवार हड़ौदाकलां निवासी युवक घायल हो गया। घटना की जानकारी डायल 112 पर कॉल कर दी गई, जिसके बाद ईआरवी की टीम मौके पर पहुंची और घायल को हड़ौदी अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार हड़ौदा कला निवासी प्रदीप किसी काम से बाइक पर जा रहा था। उसी दौरान जब वह डूडीवाला नंदकरण रोड़ पर सारंगपुर चौक पर पहुंचा तो एक कैंटर से टक्कर हो गई। राहगिरों ने इसकी जानकारी डायल 112 पर कॉल कर दी।

### सांझा मोर्चा की बैठक संपन्न सीएम आवास घेराव 24 को

**लोहारू।** सांझा मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को रोडवेज उपकेंद्र में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 24 दिसंबर को करनाल में सीएम आवास के घेराव करने की तैयारियों और आंदोलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। महासंघ के प्रधान सुरेंद्र ढाणी टोडा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 24 को करनाल जाने के लिए निर्धारित रूपरेखा तैयार की गई।

### 25 से लगाई जाएगी खुशियों की दीवार

**लोहारू।** प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा जरूरतमंदों की मदद के लिए पिछले सात सालों से लगाई जा रही खुशियों की दीवार 25 दिसंबर से अनाजमंडी परिसर में लगाई जाएगी। संस्थापक मा. पवन स्वामी, प्रधान महेंद्र कथूरिया और डॉ उमेद जांगिड़ ने बताया कि प्रयास संगठन द्वारा वर्ष 2016 से दिसंबर माह में खुशियों की दीवार सजाई जा रही है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना से मिल रहा लाभ

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाती है और योजना के तहत जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रत्येक महीने की 9, 10 तथा 23 तारीख को शिविर लगाए जाते है। इस दिन सरकारी अवकाश है, तो अगले दिन गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है और उनको डाइट के तौर पर पौष्टिक आहार भी दिया जाता है।

### आधुनिक मशीनी तकनीक से कृषि लागत होती है कम

**चरखी दादरी।** सस्ती दरों पर अत्याधुनिक मशीनी तकनीक को उपलब्ध करवा कर ही खेती में किसान के लागत व्यय को कम किया जा सकता है। इसी मकसद से भारत सरकार कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग को लेकर आई है। डीसी मनदीप कौर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि देश में किसान की आय को किस प्रकार से बढ़ाया जाए। एक ड्रोन दस लीटर के टैंक से नैनो यूरिया को एक एकड़ भूमि में 6 मिनट में स्प्रे कर देता है।







**भिवानी।** किरोड़ीमल पार्क में गीता महोत्सव में हवन में आहुति डालते कृषि मंत्री जेपी दलाल, विधायक घनश्याम सर्राफ व अन्य, प्रस्तुति देते कलाकार और गीता महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य शिविर में कृषि मंत्री दलाल के स्वास्थ्य की जांच करते सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य, साथ में विधायक सर्राफ।

# श्रीमद्भागवत गीता सुख, शांति, समृद्धि और विकास का मूल मंत्र : कृषि मंत्री

## कृषिमंत्री दलाल ने हवन में पूर्णाहुति डाल दो दिवसीय गीता महोत्सव का किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सेठ किरोड़ीमल पार्क में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में बतौर मुख्यतिथि एवं यज्ञमान के रूप में कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल व विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने शिरकत की। कृषिमंत्री दलाल व विधायक सर्राफ व अन्य अतिथियों ने हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर एवं गीता पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। कृषि मंत्री दलाल, विधायक सर्राफ, एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा ने गीता महोत्सव की प्रर्दशनी में धार्मिक व सामाजिक संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।

महोत्सव में कृषि मंत्री ने कहा कि हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र की धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था, उसे आज पूरी दुनिया मानती है। गीता सुख, शांति, समृद्घि व विकास का मूल मंत्र है। गीता हमारे जीवन का सार और सभी समस्याओं का समाधान है। श्रीकृष्ण द्वारा दिया गीता का उपदेश आज भी सार्थक है और भविष्य में भी रहेगा। गीता में मानव को कर्म करने का संदेश देती है। गीता भारतीय संस्कृति का आधार है और हिन्दू शास्त्रों में गीता को प्रमुख स्थान दिया गया है। गीता एक ऐसा संपूर्ण विचार है जो भारतीय संस्कृति की विरासत है। गीता न केवल छोटी कांशी





भिवानी व कुरूक्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में बल्कि पूरी दुनिया में गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। विधायक सर्राफ ने कहा कि श्रीमद्भगवत गीता का ज्ञान ही हमें इस संसारिक मोह-माया के बंधन से आजाद कर सकता है, गीता का ज्ञान ही स्वयं को और सर्वशक्तिशाली ईश्वर को पहचानने का अवसर देता है। गीता महोत्सव का शुभारंभ हवन से किया गया। आचार्य प्रदीप भारद्वाज, रामविलास शर्मा व प्रदीप शास्त्री ने हवन करवाया और मंत्रोच्चारण किया। कृषिमंत्री व विधायक सर्राफ ने हवन में पूणार्हूति डाली और श्रीमदभगद्गीता के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित किया। हवन में एसडीएम करवा, ठाकुर विक्रम सिंह, प्रिया असीजा, सीएमओ डॉ. रघुवीर शॉडिल्य, डॉ. रविन्द्र सहरावत, डॉ. विनोद फोगाट, डीईओ नरेश महता, डीईईओ संतोष नागर, ओपी नंदवानी, डॉ. विनोद छाबड़ा, डॉ. धीरल खटकड़, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. नसीब धनखड़ आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते कृषि मंत्री और विधायक सर्राफ।

**स्वयं सहायता समूह ने आचार, मसाले, खिचड़ी, दाल की लगाई स्टॉल :** प्रदर्शनी में लक्ष्मीबाई महिला स्वयं सहायता समूह ने आचार व बालाजी स्वयं सहायता समूह ने मसाले, खिचड़ी, दाल तथा बाबा दिलखुश तंवर हैंडलूम ने हाथ से बनाए खादी वस्त्र, विकास महिला एवं सहायता समूह ने जैविक खाद और श्रीराम महिला स्वयं सहायता समूह ने खिलौने बनाने की जानकारी दी। वहीं विहिप-बजरंग दल की स्टॉल पर 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला की प्रण प्रतिष्ठा और अयोध्या से आये पीले चावल देने के साथ-साथ सनातन धर्म व गीता ज्ञान के बारे में जानकारी दी। प्रयास मंडल ने दिव्यांग बच्चों के बारे, प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम ने राजयोग मेडिटेशन व नशा मुक्ति, श्याम गुणगान मंडल, अंतराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ ने गीता प्रचार के बारे प्रर्दशनी लगाई।

### संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं विभागों ने लगाई स्टॉल

गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी में सरकार की तरफ से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाकर जागरूक किया जा रहा है। प्रदर्शनी में श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति के साधकों ने 18 अध्याय और 700 श्लोकों से सजी श्रीमद्भगवत गीता को स्थापित किया गया है। इसी तरह दी हरियाणा राज्य भारत स्काउटस चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों के माध्यम से वीर शहीदों के बारे युवाओं को जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पौष्टिक आहार व महिला सशक्तीकरण के तहत लगाई प्रर्दशनी में महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं, परिवहन प्राधिकरण व यातायात पुलिस की स्टॉल पर परिवहन व यातायात, आयुष विभाग ने रोगों के आयुर्वेद पद्धति से निवारण व स्वास्थ्य विभाग ने जांच शिविर लगाया।

### स्कूली बच्चों व कलाकारों ने प्रस्तुत किए गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम

महोत्सव में विभिन्न स्कूली बच्चों एवं कलाकारों ने गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुड़ल से चंदगीनाथ की बीन पार्टी व बंचारी से नगाड़ा पार्टी ने शानदार प्रस्तुति दी। बीन की स्वर लहरी व ढोल नगाड़े से मुख्य मेहमानों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भिवानी पब्लिक स्कूल, जनसेवा विद्या विहार, केएम पब्लिक स्कूल, लिटल हर्टस स्कूल, पब्लिक स्कूल बाल भवन, डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्ण लैब स्कूल, टीआईटी विद्यालय और राजकीय कन्या वमावि के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के संदेश व महाभारत पर आधारित जोरदार प्रस्तुति दी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग ने शानदार रंगोली बनाई। डीआईपीआरओ सुरेंद्र सिंगल ने प्रशासन की तरफ से मेहमानों का स्वागत किया और महोत्सत की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज शर्मा ने किया। इस मौके पर बीईओ अनिल गौड़, मंडल अध्यक्ष बिशंभर अरोड़ा, गोवर्धन आचार्य, प्रवेश गौतम, अनिल हलवासिया, लक्ष्मण गौड़, सीमा काठपालिया, रीमा परमार, प्राचार्य डीपी कौशिक सहित विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 23 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

महोत्सव को लेकर 23 दिसंबर को गीता महोत्सव में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्यतिथि तथा बवानीखेड़ा से विधायक बिसम्बर वाल्मीकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 23 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा दोपहर बाद दो से चार बजे तक नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### गीता महोत्सव का रंगारंग आगाज

**चरखी दादरी।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव शुक्रवार को शहीद दलबीर सिंह मॉडल संस्कृति रावमावि परिसर में शुरू हुआ। दर्शकों ने यहां लगाई गई आकर्षक प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। विधायक सोमबीर सांगवान ने मुख्यतिथि के तौर पर यज्ञ-हवन के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया। उपायुक्त मनदीन कौर ने हवन में भाग लिया। विधायक सांगवान ने विद्यालय में लगाई भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, शिक्षा विभाग, पंजाबी महासभा, कृषि विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पंतजलि योग समिति, पशुपालन, समाज कल्याण, नशामुक्ति चेतना समिति, सनातन धर्म सभा व रैडक्रॉस सोसायटी आदि के स्टाल सुंदर सजावट के साथ दर्शकों को प्रेरणादायी संदेश दे रहे थे। विधायक ने कहा कि गीता महोत्सव हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करता है। दुनिया के किसी और देश की तुलना भारत से की जाए तो हमारा कोई सानी नहीं है। महोत्सव को लेकर उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि इस महोत्सव के दौरान 23 दिसंबर को 12 बजे श्लोकोचाण होगा और उसके बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। फिर दीपदान व आरती होगी। 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## कादमा के युवक से रूसी सेना में भर्ती करवाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

- हिसार निवासी पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

गांव कादमा निवासी युवक से रूस की सेना में भर्ती करवाने क नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। युवक ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिसके आधार पर पुलिस ने हिसार निवासी पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कादमा के सुनील ने बताया कि उसने सोशल मिडिया पर एक विडियो देखी थी जिसमें एक न्यूज चैनल पर विदेश में नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया जा रहा था। उसने उसके झांसे में आकर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल की तो उसने हिसार स्थित ऑफिस में मिलने के लिए 4 जुलाई 2023 बुलाया और वहां जाने पर उसने कहा कि पहले आपको को रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ेगा जिसके 22 हजार रुपये लगेंगे। जिसके बाद उसने 6 जुलाई 2023 से लकर 8 अगस्त तक अलग-अलग कुल 96 हजार रुपये उसके फोन नंबर पर ऑनलाइन भेजे। वहीं 1 लाख 50 हजार रुपये गुरुग्राम के एक होटल में नकद दिए। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसी दिन रूस जाने के लिए हवाई जहाज की एक टिकट दी। जिसके बाद 9 सितंबर को वह टिकट लेकर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पहुंचा तो वहां उसने गेट पर टिकट दिखाया तो उसे उस टिकट पर एंट्री नहीं मिली। जब उसने पैसे मांगे तो उसे उसके साथ गाली-गलौच किया।

## सकंल्प यात्रा ने कुंगड़, कुगड़ छोटापाना, देवसर व धीरणा कलां में दी योजनाओं की जानकारी



**भिवानी।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- कार्यक्रमों में ग्रामीणों व युवा ले रहे विकसित भारत संकल्प शपथ

शुक्रवार को गांव देवसर, धीराणा कलां, कुगड़ व कुगड़ छोटा पाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों के माध्यम से अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों व युवाओं को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई गई।

,गांव देवसर व धीराणा कलां में भाजपा पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह तथा गांव कुगड़ व कुगड़ छोटा पाना में कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक रोहतास चौहान ने बतौर मुख्यतिथि शिकरत की। वहीं 23 दिसंबर को संकल्प यात्रा गांव भैणी जाटान, मिरान, नाथूवास में दस बजे तथा गांव कालुवास, ढ़ाणी मिरान व भैणी ठाकरान में दोपहर बाद दो बजे पहुंचगी और जनकल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री मोदी का संदेश देगी।




**भिवानी।** कूड़ा हटाती नप की जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

## नप के कार्यकारी अधिकारी और सफाई निरीक्षक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- मुख्यमंत्री ने शहरी इलाके में व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए हैं निर्देश

स्थानीय शहरी निकाय के अधिकारियों ने शहर में विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की नियमित रूप से कूड़े का उठान करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने शहरी इलाके में व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हुए हैं। इसके साथ मंत्री, विधायकों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में दो दिन पहले प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने डीसी नरेश नरवाल और एडीसी अनुपमा अंजलि को साथ लेकर शहर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया था। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। इसी बीच शुक्रवार को नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अभय यादव और सफाई निरीक्षक विकास देशवाल द्वारा सफाई से संबंधित शहर का निरीक्षण किया। उनके द्वारा सफाई कर्मचारियों के हाजिरी भी चेक की। उन्होंने सफाई इलाके के संबंधित दरोगा व सफाई कर्मचारियों को मौके पर सफाई से संबंधित निर्देश दिए।

### मंत्री ने किया दौरा

इस दौरान सेक्टर 13 और 23, भगतसिंह चौक, महम रोड सर्कुलर रोड का दौरा किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को कहा कि कूड़े कचरे का नियमित रूप से उठान हो, अपने अपने इलाके में कूड़े के ढेर नजर न आएं।

### सिंघानी अन्नदाता सम्मेलन में सीएम देंगे 95 करोड़ की 17 परियोजनाओं की सौगात

## कृषिमंत्री ने रैली स्थल सहित कई गांवों का दौरा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गांव सिंघानी में 24 को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह के जन्मदिवस पर होने वाला अन्नदाता महासम्मेलन का इलाके के लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री इलाके के लोगों को करीब 95 करोड़ रुपये 17 परियोजनाएं समर्पित करेंगे। महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर कृषिमंत्री दलाल ने हलके के मंढोली कलां, बहल, चैहड़ कलां, सिंघानी गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों को न्योता दिया।

दलाल ने कहा कि अन्नदाता महासम्मेलन में भारी संख्या में किसान शामिल होंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा तैयार 279 लाख रुपये से बने लोहारू के राजकीय सी. सै. स्कूल का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीडब्लूडी विभाग की गांव झांझडा-टोडा-श्योराण रेलवे अंडरपास लागत 763.81 लाख रुपये, गोठडा रेलवे अंडरपास की लागत 894.21 लाख , सोहासड़ा अंडरपास लागत 891.25 लाख , बरालू का अंडरपास की लागत 792.25 रुपये, लोहारू की नई सब्जी मंडी लागत 751.30 लाख रुपये, कुड़ल बास से सिरसली वाया श्याम कला लिंक रोड पर लागत 239.22 लाख रुपये, गांव कुडल से अल्लाउदीनपुर लिंक रोड लागत 200.34 लाख रुपये, गांव ढ़ाणी लक्ष्मण से कुड़ल लिंक रोड पर लागत 237.55 लाख रुपये, लीलस से सिवानी लिंक पर लागत 340.13 लाख रुपये, गांव बड़वा से रूपाणा लिंक रोड़ पर लागत 154.27 लाख रुपये, गांव पाथरवाली से भानगढ़ वाया ढ़ाणी शंकर लिंक रोड़ पर लागत 271.84 लाख रुपये, पपोसा से सिवाना वाया भिवानी हांसी लिंक रोड़ पर लागत 239.66 लाख रुपये, गांव सुई से दांग खुर्द लिंक पर लागता 281.60 लाख रुपये, गांव बहल से भौजान अपटू राजस्थान बार्डर पर लागत 204.10 लाख रुपये, दमकौरा डिस्टीब्यूट्री का नवीनीकरण आरडी 0 से टेल तक की लागत 1239.18 लाख रुपये तथा 1475.01 लाख रूपए की लागत से तैयार होने वाली लाडावास डिस्टीब्यूट्री का नवीनीकरण का शिलान्यास करेंगे।



**भिवानी।** ग्रामीणों को सिंघानी कार्यक्रम का न्योता देते कृषि मंत्री जेपी दलाल।



एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।

# यंगभूमि



बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती है।





# भविष्य में इन क्षेत्रों में होंगे सबसे ज्यादा नौकरी के अवसर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## डिग्री नहीं प्रतिभा चाहिए

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। ज़ब तक कस्टमर को ही बिज़नेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

# इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## भारतीय नौसेना काफी ताकतवर

भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।





### समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

### लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

### ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।




### शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

### इन प्रोसेस से गुजरना होगा

**इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।**

**लिखित परीक्षा | फिटनेस टेस्ट | मेडिकल चेकअप**

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

# परीक्षा में सफलता पाने के लिए ठोस योजना और उचित प्रबंधन जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

परीक्षा की तैयारी में सफलता प्राप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण है एक ठोस योजना बनाना जो समय का उचित प्रबंधन करे। छात्रों को अपने समय को विभिन्न विषयों में संरचित रूप से वितरित करना चाहिए ताकि सभी विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। नियमित रूप से स्वतंत्र अध्ययन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थिनी न केवल पाठ्यक्रम को समझने में सक्षम होती हैं बल्कि उन्हें स्वतंत्र रूप से सोचने और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता भी विकसित होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना भी अच्छा होता है। योग, प्राणायाम, और सही आहार के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जिससे वे परीक्षा के समय तनाव मुक्त रह सकते हैं।

## आत्म निरीक्षण और सुधार की क्षमता बनाना जरूरी

अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, परीक्षा की तैयारी में आत्म-निरीक्षण और सुधार करने की क्षमता को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आत्म-मूल्यांकन के माध्यम से छात्र स्वयं को और अधिक सुधारते हैं और अपनी कमजोरियों पर काम करने का समर्थन करते हैं। छात्रों के लिए अध्ययन में ध्यान केंद्रित करना एक कठिन चुनौती हो सकती है, लेकिन इसका महत्वपूर्ण होना यहाँ तक है कि एक सशक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है। इस प्रक्रिया में कई कारकों का ध्यान रखना आवश्यक है जो छात्रों को अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं। "एक स्वस्थ और व्यावसायिक धारिता बनाए रखना। अच्छी नींद, सही आहार, और योग्यता नुस्खों का पालन करना छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है, जिससे उनका ध्यान बढ़ता है। समय का सही तरीके से प्रबंधन करना भी आवश्यक है। एक ठोस अध्ययन योजना बनाना, विषयों को समय सीमा के अनुसार विभाजित करना और अध्ययन के लिए नियमित अवधि निर्धारित करना छात्रों को अध्ययन में स्थिरता बनाए रखने में मदद कर सकता है। मनोबल को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सकारात्मक सोच और स्वास्थ्यपूर्ण मनोबल वाले छात्र अध्ययन में अधिक लगाव दिखा सकते हैं और सामने आने वाली मुश्किलों का सामना करने में सफल हो सकते हैं। सहायक साधनों का उपयोग करना भी महत्वपूर्ण है। तकनीकी साधनों का उपयोग करके, छात्रों को सीधे और संगठित तरीके से अध्ययन करने में मदद हो सकती है, जिससे उनकी दृष्टि और ध्यान स्थिर रह सकते हैं। छात्रों को अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने के लिए सकारात्मक और योग्यता नुस्खों का पालन करना, समय प्रबंधन, सही मनोबल बनाए रखना और सहायक साधनों का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। इन उपायों का अनुसरण करने से छात्र अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल हो सकते हैं और अध्ययन को एक सकारात्मक और उत्साहयुक्त अनुभव बना सकते हैं।

## दबाव हटाने के लिए ये टिप्स अपनाएं

**परीक्षा का समय आते ही छात्रों के चेहरे पर एक अजीब सा दबाव छा जाता है, लेकिन कुछ उपायों के माध्यम से वे इसे सही तरीके से संभाल सकते हैं।**

**सही योजना तैयार करें:** परीक्षा की तैयारी के लिए एक सही योजना तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह योजना उनकी पढ़ाई को व्यवस्थित रूप से करने में मदद करेगी और उन्हें आत्म-नियंत्रण प्रदान करेगी।

**अधिक चिंता ना करें:** चिंता करना केवल समस्याओं को बढ़ाता है। छात्रों को यह याद रखना चाहिए कि वे जो कुछ भी कर सकते हैं, उन्हें यह विश्वास करना चाहिए।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** नींद, खानपान, और व्यायाम का सही समर्थन छात्रों को परीक्षा के दौरान स्थिति को संतुलित रखने में मदद करता है।

**सकारात्मक सोच बनाएं:** नकारात्मक सोच से बचने के लिए छात्रों को अपने आत्म-समर्पण को मजबूत करने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

**आत्म-समर्थन:** अगर कोई छात्र परीक्षा दबाव का सामना कर रहा है, तो उसे अपने मित्रों, परिवार से या शिक्षकों से सहायता मांगने का साहस करना चाहिए।

**इन सारे तरीकों का अनुसरण करके छात्र परीक्षा के दबाव को सही तरीके से निभा सकते हैं और एक सकारात्मक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक और माता-पिता छात्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और जब ये दोनों मिलकर छात्रों को स्थायी तनाव से बाहर निकालने में सहायक होते हैं, तो यह उनके शिक्षा के अनुभव को सकारात्मक बना देता है।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

**खबर संक्षेप**

## संकल्प यात्रा दें रही लोगों को योजनाओं का लाभ

**चरखी दादरी।** केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा मौका प्रदान कर रही है। सरकार की योजनाओ का पहला हक पात्र व्यक्ति का ही है और प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर परिवार की आय बढ़ाने के लिए अंत्योदय मेले सहित अन्य सुविधाएं आयोजित करवाए जा रहे हैं।

## ऐतिहासिक होगा अन्नदाता सम्मेलनः बंटी

**चरखी दादरी।** किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर 24 दिसंबर रविवार को सिंघानी में भाजपा किसान मोर्चा की तरफ से होने वाला अन्नदाता किसान सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल व प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

## सरकार ने प्रदेश के युवाओं को नशे में धकेला

**तोशाम।** आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा के आठवें दिन चुनाव प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि पिछले सात दिन में बादलाव यात्रा ने अभी तक 630 किलोमीटर की दूरी तय की है। आठवें दिन बदलाव यात्रा हांसी से शुरू होकर बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र और तोशाम पहुंची और देर शाम लोहारू में प्रवेश करेगी।



## 25 लाख से गांव के विकास कार्य व पानी का टैंकर दिया

**तोशाम।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव गारनपुरा कलां में पहुंचने पर जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक का ग्रामवासियों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस चेयरपर्सन मलिक ने 20 लाख की राशि से बनने वाले पार्क की नींव रखी व स्कूल की चार दिवारी के लिए पांच लाख व गांव में एक पानी के टैंकर की घोषणा की।

### मां धरती है तो पिता आकाश है, दोनों का कर्ज चुकाना बड़ा मुश्किल

# दुनिया में मां से बड़ा महामंत्र कोई नहीं, हर दर्द की दवा मांः करुणागिरी

वर्तमान में माता-पिता का स्थान और उनके प्रति संतान के दायित्व के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम स्थित विवेकानंद सभागार में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं गीता ज्ञान यज्ञ में महामंडलेश्वर साध्वी करुणा गिरी महाराज ने पांचवे दिन श्रीमद् भागवत महापुराण कथा और गीता ज्ञान यज्ञ के माध्यम से माता-पिता और संतान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में माता-पिता का स्थान और उनके प्रति संतान का क्या दायित्व बनता है।

कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का वृतांत सुनाते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में मां से बड़ा कोई महामंत्र नहीं है, मां हर दर्द की दवा है, इसलिए माता और पिता का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मां धरती है तो पिता आकाश है,पिता एक मॉम की तरह संतान के लिए काम करता है। हर सुख दुःख में माता-पिता का साथ है, उनकी संतान के प्रति होता है। आज के प्रवेश में संतान अपने माता-पिता के दायित्व को भूल रहे हैं। हमें देवकी,वासुदेव, नंद और यशोदा के रूप में अपने माता-पिता को दर्जा देकर उनका सम्मान करना चाहिए। साध्वी करुणा गिरी ने कहा कि इस धरा पर जो भी जीव जंतु पैदा होते हैं तो उनके मुख से पहला शब्द मां निकलता है, इसलिए मां की महिमा बड़ी है और मां की पहुंच धरती से आकाश तक है। देवताओं ने भी मां की स्तुति की।



भिवानी। विधायक सर्राफ को गीता भेंट करती महामंडलेश्वर साध्वी करुणागिरी व महंत चरणदास।

### श्रीकृष्ण ने अर्जुन को पढ़ाया था धर्म और अधर्म का पाठ

महामंडलेश्वर ने कहा कि जब-जब धरा पर धर्म बढ़ा है तो देवी देवताओं ने अवतार लिया है। वहीं उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के युद्ध में अर्जुन को धर्म और अधर्म का पाठ पढ़ाया था, इसलिए गीता जीवन का आधार है, गीता हर संसय का समाधान है। इस मौके पर सानिध्य बालयोगी महंत चरणदास महाराज व विदुषी बेला पारीक दीदी वृंदावन का रहा।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ ने शिरकत की। इस अवसर पर पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया, रामअवतार शर्मा, रमन गुप्ता, नरेंद्र सिंह ठेकेदार, एडवोकेट विजेंद्र पंघाल, वर्धमान ज्वैलर्स से सचिन जैन, विजय पंचगामा ,नरेश सैनी, विजय सेन, पवन केडिया, मनीष गुप्ता, अंकुर जैन, समाजसेविका सावित्री यादव, पारस डालमिया आदि उपस्थित रहे।

# गीता में छिपा है जीवन का रहस्य

- गीता के उपदेशों को अपनाकर किया जा सकता है सुंदर समाज का निर्माण : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले बालयोगी महंत चरणदास महाराज एवं निरंकारी भवन से बलदेवराज नागपाल के सान्निध्य में हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा जारी रही। इस दौरान श्रीकृष्ण जन्म कथा का वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। इस दौरान भारी तादात में श्रद्धालुगण पहुंचे, जिन्हें कथाव्यास महामंडलेश्वर साहबी करूणागिरी ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का रसपान करवाया। इस मौके पर मुख्यतिथि जेल एवं बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सत्यजीत पिलानिया व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने की।



भिवानी। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दौरान पूजन करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, महंत चरणदास महाराज व अन्य।


भिवानी। दादरी में केंद्र सरकार का पुतला जलाते कांग्रेसी।

### लोस सदस्यों के निलंबन के विरोध में फूंका सरकार का पुतला

**चरखी दादरी।** लोकसभा सदस्यों को निलंबित किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर में रोष प्रदर्शन किया और विश्राम गृह परिसर के सामने केंद्र सरकार का पुतला फूंका। शुक्रवार को दादरी जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके बाद संसद ने कांग्रेस सांसदों के निलंबन पर रोष प्रकट करते हुए शहर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पूर्व मंत्री सुभाष गोयल ने कहा कि भाजपा जनता के हकों की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन कांग्ेरस कभी ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता की आवाज उठाई है। आम जन की आवाज को भाजपा कांग्रेस सांसदों का निलंबन कर रोक नहीं सकती। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मनीषा सांगवान ने कहा कि कांग्रेस सांसदों के निलंबन से साफ हो गया कि भाजपा पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। इंडिया गठबंधन के सांसदों को इस प्रकार संसद से बाहर करना अलोकतांत्रिक हैं। डॉ. सांगवान ने लोकतंत्र की हत्या करने वाली ऐसी कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

### छत्तरसिंह के निधन पर हुड्डा ने जताया शोक

**चरखी दादरी** ।नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को पूर्व स्पीकर छत्तर सिंह चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया। हुड्डा ने कहा कि किसान घर में जन्म लेने वाले छत्तरसिंह ने राजनीति में खुद को स्थापित किया। छत्तर सिंह एक सरल व इमानदार व्यक्ति थे। जिन्होंने सदैव दूसरों की भलाई के लिए कार्य किया, उनको जाना परिवार के लिए भारी क्षति है।

हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की राजनिति में उनका बड़ा कद था और उनके निधन से जो क्षतिपूर्ति हुई है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मनीषा सांगवान ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात कर 9 जनवरी को दादरी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर भी पूर्व सीएम के साथ चर्चा की और उसे सफल बनाने का भरोसा दिया।

# सेंट जेवियर्स में मनाया गीता महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आज के दिन हिन्दुओं के पवित्र ग्रंथ 'श्रीमद्भगवद् गीता के जन्म रूप में 'गीता महोत्सव' सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मनाया गया। ये 'गीता महोत्सव' का पावन पर्व हर साल गीता जयंती 26 दिसंबर को मनाया जाता है। ये महोत्सव मोक्षदा एकादशी के दिन मनाया जाता है। धार्मिक मान्तयनाओं अनुसार इस पावन दिन पर श्रीमद्भगवद गीता के दर्शन-मात्र से ही व्यक्ति के समस्त दुःखों का नाश हो जाता है।

इस दिन गीता के श्लोको का वाचन करना शुभ माना जाता है, इस कारण वीरवार को सेंट जेवियर्स स्कूल में प्रातः काल की स्पेशल असेंबली संस्कृत भाषा में करवाई गई। ये असेंबली संस्कृत अध्यापिका ऊषा शर्मा द्वारा तैयार करवाई गई। असेंबली संस्कृत भाषा के माध्यम से 'गीता महोत्सव' को दोहराया। असेंबली में मंच संचालिका हिमांशी रही। असेंबली में मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्य मुस्तफा माजिद उपस्थित रहे। संस्कृत भाषण में गीता के श्लोको का उच्चारण मन्नत व अक्षिता द्वारा मधुर ध्वनि में प्रस्तुत किया। संस्कृत भाषा में ही शुभ विचार व रोचक तथ्य को लेकर जीया और नेहा नजर आई।



भिवानी। बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

# सब तक योजनाओं को पहुंचना सरकार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव छपार रांगडान व छपार जोगियान में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने गांव छपार रांगडान में वाटर कूलर दिए जाने की घोषणा की। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाकर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। चेयरपर्सन मलिक ने कहा कि सरकार ने विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के जरिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके घर द्वार पर ही दिया जा रहा है। अब गरीबों का हक कोई नहीं छीन सकता।


भिवानी। प्रदर्शनी का अवलोकन करती जिप चेयरपर्सन अनीता व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान कुलदीप पायल, क्रेशर एसोसिएशन प्रधान कृष्ण मलिक, छपार रांगड़ान से सरपंच गीता देवी, सरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह, पवन नंबरदार, राजेन्द्र शर्मा, प्रवीण, सीताराम, महेंद्र, भीम सिंह, ओमप्रकाश, कुलदीप, छपार जोगियान में सरपंच पवन छपारिया, राजेन्द्र, सुरेश बैनीवाल, इन्द्र सिंह, बलजीत, कृष्ण पंच आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा के लाल को, एक मौका केजरीवाल को : तवंर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

इब हरियाणा के लाल को, एक मौका केजरीवाल को कुछ इसी प्रकार के बैनरों व नारों से लबरेज गाड़ियों में आम आदमी पार्टी के कार्यकताअरं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक तवंर के साथ बवानीखेड़ा की पावन धरा पर पधारकर लोगों को संबोधित किया। पूरा आयोजन आप नेता ओमप्रकाश बुवानीवाला ने किया, जिसकी व्यवस्था से अशोक तवंर ने उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने भाजपा, कांग्रेस को देखा है। पार्टी द्वारा बदलाव यात्र 15 दिसंबर से शुरू की थी और इसका समापन 24 दिसंबर को होगा। इस बदलाव यात्रा में अन्य पार्टियों के नेता व कार्यकताअरं का मोह भंग होने के कारण आप पार्टी में विश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में झूठ, फरेब, भय, भ्रष्टाचार, बेरोगारी, गुंडागर्दी एवं तानाशाही अपने चरम पर है। किसान हो या नौजवान हो महिला हो या कर्मचारी या व्यापारी सभी इस सरकार से दुःखी है, इसलिए इस बदलाव यात्रा से प्रदेश की सत्ता में बदलाव की आवश्यकता है जिसमें प्रदेश की जनता को एकजुट होकर केजरीवाल को मौका देना चाहिए।


भिवानी। बदलाव यात्रा में संबोधित करते हुए अशोक तवंर।

# कांग्रेस पार्टी की मजबूती को चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

पूर्व जिला पार्षद रेणुबाला ने कांग्रेस विधायक किरण चौधरी संग मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए किरावड़ में अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सियासत करने की विचारधारा पर नहीं चलती, यहां राजनीति का अर्थ जनसेवा समझा जाता है। यही वजह है कि अब प्रदेश की जनता कांग्रेस की सत्ता फिर से चाहती है, क्योंकि आमजन का हित इसी पार्टी में है।

वहीं विधायक किरण चौधरी ने तोशाम हलके के किरावड़ गांव में जनसभा में कार्यकर्ताओं से भेंट की और बताया कि आज प्रदेश की जनता परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी सहित अन्य समस्याओं से जूझ रही है, ऐसा कोई इंसान नहीं जिसके हाथ में सरकार ने कागज न थमाएं हो। सुबह से लेकर शाम तक परिवार का सदस्य चक्कर काटता हुआ दिखाई देता है, फिर सरकार सबका साथ सबका विकास का दावा करती है, लेकिन बेरोगारी बढ़ गई है, महंगाई आसमान को छू रही है, लोगों को कांग्रेस के समय में सिलेंडर के कम दाम, डीजल-पैट्रोल की कम कीमतें, रसोई का कम खर्च आदि याद आने लगें है और वे चुनावों का इंतजार कर रहे हैं ताकि कांग्रेस को बहुमत के साथ सत्ता में लाया जा सकें। किरण चौधरी ने बताया कि सत्ता आने पर पहली कलम से परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी का सिस्टम समाप्त किया जाएगा, महंगाई दर सामान्य की जाएगी।


भिवानी। किरावड़ में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए अभियान चलाती विधायक किरण चौधरी व पूर्व जिला पार्षद रेणुबाला।

# बीआर स्कूल में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को उनकी जयंती पर नमन किया। विद्यालय के गणित अध्यापिका मोनिका सांगवान ने बताया कि रामानुजन के गणित में किए गए महान योगदानों को समर्पित भारतीय गणित दिवस को हर साल मनाए जाने की घोषणा भारत सरकार ने 26 फरवरी 2012 को हुई थी। इसके बाद हर साल 22 दिसंबर को उनकी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। गणित प्रवक्ता सुजीत वशिष्ठ ने बताया कि यह दिन गणित के जादूगर और महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है। इस दिन का मकसद लोगों में मानव जीवन के विकास के लिए गणित के महत्त्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।


भिवानी। विद्यार्थियों को गणित व गीता जयंती की जानकारी देते वक्ता।

### कैरम में लड़कियों में लोटस व लड़कों में रोज सदन प्रथम

# बास्केटबॉल में लोटस सदन की लड़कियों ने मारी बाजी

- भिवानी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यतिथि पूर्व डीएसओ दर्शन कुमार मिड्ढा ने शिरकत की। विद्यालय निर्देशिका आशा पाहुजा, सचिव पुलकित पाहुजा व प्राचार्य जोगेंद्र भारद्वाज ने मुख्यतिथि मिड्ढा के साथ आकाश में गुब्बारे छोड़कर एवं खेल की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाकर खेलों के शुभारंभ का संकेत दिया।

सर्वप्रथम निर्देशिका आशा पाहुजा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से आपसी मेलजोल एवं मित्रता की भावना बढ़ती है ।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर छात्रों ने नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बाल वर्ग ने बैलेंसिंग द बॉल, रस्सा कस्सी, बाधा दौड़, हुल्ला हूप व विभिन्न रेस का अनुशासित वातावरण में प्रतिभा पूर्ण प्रदर्शन किया। कक्षा 6 से 12 के बच्चों के लिए सदन अनुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें चैस, कैरम, टेबल टेनिस, वालीबॉल, बास्केट बॉल, रिले रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में बच्चों की प्रतिभागिता रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सचिव पुलकित पाहुजा ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। सभी ने विद्यार्थी जयंत गोयत के भारतीय अंडर-19 टीम में चयन होने पर बधाई दी।



भिवानी। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि व अन्य।

### ये रहा परिणाम

रिले रेस में डेजी सदन के शौर्य चौहान, हिमांशु, अक्षत दीवान व मनांशु वशिष्ठ, लड़कियों में ओजस्वी, तनीषा, वरया व एंजेल ने बाजी मारी। वालीबॉल में रोज सदन की लड़कियां, बास्केटबॉल में लोटस सदन की लड़कियों ने बाजी मारी। बास्केट बॉल में डेजी सदन के लड़कों ने अपनी जीत निश्चित की। कैरम में ग्रुप बी लड़कियों में लोटस सदन प्रथम, लड़कों में रोज सदन प्रथम रहे। ग्रुप बी चेस में लड़कियों में लोटस व लड़कों में डेजी सदन प्रथम रहा।


भिवानी। एसडीएम दीपक बाबूलाल कारवा को ज्ञापन सौंपते आजाद सेना के पदाधिकारी।

### आजाद सेना ने राज्यपाल के नाम भेजा ज्ञापन

**भिवानी।** भिवानी-तोशाम बाइपास व बवानी खेड़ा बाइपास पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग को लेकर आजाद सेना के संस्थापक अध्यक्ष एवं अधिवक्ता कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में एडवोकेट शंकर, एडवोकेट प्रदीप, पवन, सचिन, जयभगवान, मनोज, भगवानदास ने एसडीएम दीपक बाबूलाल कारवा के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने आमजन की सुरक्षा के लिए बहुत सी स्कीम चलाई हुई है, जिसमे आम जनमानस की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। ये बड़े ही दुःख का विषय है कि भिवानी शहर व बवानीखेड़ा के बाइपास से हररोज हजारों वाहन गुजरते है, लेकिन भिवानी शहर के भिवानी-तोशाम बाइपास पर स्ट्रीट लाइट का प्रबंध नहीं है, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों पर खतरा मंडराता रहता है। स्ट्रीट लाइटें नहीं होने के कारण अक्सर दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। यही हाल बवानीखेड़ा म्यूनिसिपल कमेटी के बाइपास का है।

### विद्यालय में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' को धूमधाम से मनाया

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक व वरिष्ठ विभाग में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया। मां शारदा की वंदना, दीप प्रज्वलन एवं गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ विभाग में बारहवीं कक्षा की छात्रा तनु श्री व नौवीं कक्षा की छात्रा तनु ने तथा माध्यमिक विभाग में मैथ्स आचार्य हिमांशु शर्मा व छात्रा एंजेल ने भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन के व्यक्तित्व पर सुंदर भाषण की प्रस्तुति दी।

**सूचना**

मैं, दया देवी पत्नी श्री मनबीर सिंह निवासी गांव गुजरानी, तह. व जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरा सही नाम दया देवी है जोकि सभी प्रपत्रों व मेरे पुत्र मोहित के जन्म प्रमाण-पत्र में भी दर्ज है। लेकिन मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड/12वीं कक्षा की मार्कशीट में उसकी माता का नाम गलतीवश दया रानी दर्ज है। जिसे मैं दूरूस्त करवाना चाहती हूं। स्कूल रिकॉर्ड/12वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरे पुत्र का नाम मोहित, पिता का नाम मनबीर सिंह, माता का नाम दया देवी और जन्म तिथि 19.04.2005 करवाना चाहती हूं।

## खबर संक्षेप

### नर्सरी के बच्चों ने किया गीता श्लोक उच्चारण

**भिवानी।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गीता जयंती महोत्सव में विवेकानंद हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने संगीतमयी गीता के अठारह श्लोक कंठस्थ कर उच्चारण किया। वही 5 से 7 वर्ष तक के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में पूछे गए गीता के प्रश्नोउत्तर में सही जवाब दिया और 3 से 5 वर्ष के नर्सरी और एलकेजी के बच्चों ने गीता के हिंदी और संस्कृत में गीता के श्लोक उच्चारण किए और कक्षा पहली से कक्षा 10 वी तक के विद्यार्थियों ने कंठस्थ 18 गीता के श्लोक उच्चारण किया।

### राजनीतिक रोटियां सेंक जाट नेताः फौगाट

**भिवानी।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला प्रधान कुलदीप फौगाट ने कहा कि जब देश की बेटियां सड़कों पर बैठकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही थी, तब इन बेटियों के पक्ष में जाट समाज के नेता नहीं उतरे, जो उपराष्ट्रपति के मिमिक्री मामले में बोलकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए है।

### विद्यार्थियों को वितरित किए शीतकालीन वस्त्र

**बवानीखेड़ा।** सिवाड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में अमेरिका में बड़े उद्योगपति अजय अनेजा ने विद्यालय के जरुरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी से बचाने के लिए स्वेटर, जूते और जुराबें वितरित किए गये। इस मौके पर मुख्याध्यापक विजय सिंह, बीर सिंह, हरीओम, अश्विनी कुमार, सुरेश शास्त्री ने अजय अनेजा का आभार व्यक्त किया।

### सात नंबर चुंगी बस्ती के लोगों में रोष



**लोहारू।** लोहारू के सात नंबर चुंगी के लोग इन दिनों प्रशासन की अनदेखी के चलते प्रतिदिन गंदे पानी से गुजरने को मजबूर हैं। जिसको लेकर बस्ती के लोगों में रोष है। बस्ती वासियों ने प्रशासन से गंदगी से अटी नालियों की सफाई करने और गंदे पानी की निकासी की मांग की है। बस्तीवासी अंतर सिंह ने बताया कि 15 दिन से राष्ट्रीय राजमार्ग 709ई से बस्ती की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नालियां गंदे पानी से भरी पड़ी हैं।

# 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने केक काटकर मनाया भिवानी जिले का 52वां जन्मदिन

## केआर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

घोसियान चौक स्थित केआर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छोटी कांशी एवं सेठों की नगरी कही जाने वाली भिवानी का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

### बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

इस मौके पर क्षेत्र की सबसे बुजुर्ग महिला 95 वर्षीय सरती देवी व अमरनाथ मंदिर के पंडित श्रीकिशन पारिक ने स्कूल प्रांगण में केक काटकर भिवानी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की

### उपलब्धियों के दम पर जिले ने विश्व में बनाई पहचान : संजय

भी प्रस्तुतियां दी तथा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक संजय शर्मा, बाबूराम गोयल, इंचार्ज नीलम चौहान व मोनिका ने छात्रों को जिले के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भिवानी जिले ने पिछले 51 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित की गई बुलदिंयों के कारण विश्व में पहचान बनाई है।

### छोटी काशी के नाम से मशहूर

आज राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में भिवानी के बहुत से लोग अपना नाम कमा रहे हैं, जो भिवानीवासियों के लिए गर्व की बात है। यहां सैंकड़ों मंदिर धार्मिकता हैं, इसीलिए भिवानी देश में छोटी काशी के नाम से मशहूर हैं। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन हीरालाल अग्रवाल व रोशनलाल अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर रिया, रेखा, आरती, पूजा, संजू, मधु, कीर्ति, इंदु, खुशी, रमेश आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** भिवानी के स्थापना दिवस पर केआर स्कूल में केक काटती 95 वर्षीय बुजुर्ग सरती देवी। *फोटो : हरिभूमि*

## आस्था स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने मनाया जिले का स्थापना दिवस



**भिवानी।** सिटी स्टेशन स्थित आस्था स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को गीता जयंती एवं जिला भिवानी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संस्कृति की गतिविधियों में दिव्यांग बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। दिव्यांग बच्चों ने काव्य पाठ कर अपनी योग्यता का परिचय के साथ महोत्सव को ऊजार्वान बना दिया। प्राचार्य एवं संचालिका सुमन शर्मा ने बताया इस अवसर पर बच्चों में बड़ी उत्सुकता देखी गई और मिठाई बांटकर बच्चों के साथ खुशी मनाई गई। गीता जयंती एवं जिला भिवानी स्थापना के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ एवं दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय गीता महोत्सव में केएम स्कूल का कार्तिक प्रथम




**भिवानी।** राज्य स्तरीय गीता महोत्सव पर कुरुक्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें स्थानीय केएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग से श्लोकोच्चारण में कार्तिक ने प्रथम, भाषण में काश्वी सिंह ने तृतीय तथा वरिष्ठ वर्ग से श्लोकोच्चारण में प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्तकर 5100 व 2100 रुपये नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किए। विद्यालय पहुंचने पर सभी विजेता प्रतिभागियों का भव्य स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। प्रतिभागियों का मार्गदर्शन विद्यालय की शिक्षिका सुनीता शर्मा, सुनीता गौड़, संतोष यादव तथा ममता शर्मा ने किया। विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, नीलम गौतम, अमिता शर्मा, सुनील शर्मा, सारिका पंडित व रेखा श्योराण ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा तथा कानूनी सलाहकार जितेंद्र गोयल ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर हुई गर्भवती महिलाओं की



### गोद भराई रस्म

**तोशाम।** तोशाम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई और महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार के फायदों की जानकारी दी गई। महिलाओं को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट आहार लेने बारे जागरूक किया गया। सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने बताया कि पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषण की समस्या पर प्राथमिकता के आधार पर काबू पाना है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से अपने

## ऑटोमैटिक सिस्टम पर स्ट्रीट लाइटों लाने की तैयारी

# अंधेरे से निजात दिलाने को बदली जाएगी 20 हजार स्ट्रीट लाइटें



**भिवानी।** नगर परिषद कार्यालय में हाउस की मीटिंग में पार्षदों से चर्चा करते भवानी प्रताप व डीएमसी अनुपमा अंजलि।

### पंजाबी धर्मशाला के लिए जगह अलॉट, दादरी गेट चौक पर बनेगा संत कबीरदास द्वार, शहर के विकास कार्यों की भी दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर परिषद हाउस की बैठक में शुक्रवार को विकास कार्यों को लेकर पार्षदों, अधिकारियों में नोक-झोंक हुई। बैठक में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव पास किए गए।

शहर को अंधेरे से निजात दिलाने के लिए 20 हजार स्ट्रीट लाइटें बदली जाएंगी, जिसको लेकर प्वाइंट्स चिहिन्त किए गए है। वहीं बैठक में पंजाबी धर्मशाला की जगह भी तय की गई। नगर परिषद की हाउस की विशेष बैठक प्रधान प्रीति भवानी प्रताप और डीएमसी एवं एडीसी अनुपमा अंजलि की अध्यक्षा में हुई।

बैठक में उपप्रधान सतेंद्र मोर, पार्षद अंकुर कौशिक, विनोद चावला, हर्षदीप डुडेजा, सुभाष तंवर, संदीप यादव, कर्मबीर यादव, गोविंद बिल्लू बादशाह, शिवकुमार, ललित सैनी समेत लगभग सभी पार्षद सहित नप के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में गलियों के निर्माण, स्ट्रीट लाइट व सफाई आदि मुद्दे गूंजे। नप

### चौक चौराहों व मार्गों पर महापुरुषों के नाम से बनेंगे द्वार

भवानी प्रताप ने बताया कि शहर के दादरी गेट चौक पर संत कबीर दास के नाम से द्वार बनाया जाएगा। इसके अलावा शहर में अनेक चौक चौराहों व मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ि उनके संघर्ष व उनके संदेश से रूबरू हो सके। एडीसी एवं डीएमसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि शहर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई है। पंजाबी धर्मशाला के लिए जगह अलॉट की गई है। डे-नाइट की स्वीपिंग के लिए 10 दिन में प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजे जाएंगे। इसके अलावा भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है और आपसी सहमति से सभी को पास किया गया।

चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने बताया कि बैठक में सभी पार्षदों से उनके वार्डों में विकास को लेकर बातचीत की। शहर में 20 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

लाइटों को आटोमेटिक सिस्टम पर लाया जाएगा, जिससे उनमें टाइमिंग सेट करके सूर्यास्त के समय शाम छह बजे और सूर्योदय के समय सुबह छह बजे लाइटें ऑटोमेटिक चालू व बंद होंगी। दिनोद रोड को निर्माण, सफाई व शहर के सौंदर्यकरण को लेकर साथी पार्षदों ने मांग रखी और कुछ शिकायतें भी रखी, जिनका समाधान किया गया। वहीं शहर में फैसी लाइटों व हाईमास्ट लाइटों को लेकर चर्चा की गई।

# गणितज्ञ श्रीनिवास को किया नमन

- बोडमास गतिविधि में पांचवीं कक्षा के बच्चों कीर्तिमान, हिंमाशु, हिमांशी, झलक, खुशी, प्रांशी, आध्या, दीक्षा, आदि का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एचडी स्कूल बिरोहड़ में प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती बड़े के साथ मनाई। इस कार्यक्रम ने गणितीय प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। छात्रों ने गणितीय प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं, बोडमास गतिविधि, प्रस्तुतियों सहित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। रामानुजन को समर्पित हिंदी कविताएं और गीत हवा में गूंजते रहे, जिससे कार्यक्रम में एक सांस्कृतिक स्पर्श जुड़ गया। बोडमास गतिविधि में पांचवी कक्षा के बच्चों कीर्तिमान, हिंमाशु, हिमांशी, झलक, खुशी, प्रांशी, आध्या, दीक्षा, जीया, छवि आदि बच्चों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। निर्देशक बलराज फौगाट ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आज की दुनिया में रामानुजन की गणितीय विरासत की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए छात्रों के बीच गणित के प्रति प्रेम पैदा करना है। उन्होंने छात्रों को इस विषय में रामानुजन के अद्वितीय समर्पण और अंतर्ज्ञान से प्रेरणा लेते हुए, गणित के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।



**चरखीदादरी।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस समाज और राष्ट्रहित के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रही: सर्राफ

**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में शुक्रवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय शिविर का शुभारंभ हुआ, जो 28 दिसंबर तक चलेगा। शिविर की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या सविता घनघस ने की। शिविर का शुभारंभ विधायक एवं पूर्व मंत्री घनश्याम दास सर्राफ ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि एनएसएस समाज व राष्ट्रहित के लिए बहुत ही प्रशंसनीय कार्य कर रही और स्वयंसेवकों के साथ अनुभव भी सांझा किए। इस मौके पर जिला समन्वय अधिकारी डॉ. आनंद कुमार एवं नोडल अधिकारी रामधन शास्त्री ने फूलमाला पहनाई और स्वयंसेवकों ने स्वागत गीत गाकर समां बांधा। शास्त्री ने अनुशासन व स्वावलंबन पर स्वयंसेवकों को विस्तारपूर्वक समझाया। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी ज्योति रानी, हरेंद्र पूनिया, नवीन कुमार, कुसुम लता, सुष्मलता, सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## 24 को मनाई जाएगी चौधरी चरणसिंह जयंती

**भिवानी।** प्रमुख किसान नेता एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती मनाने वास्ते 24 दिसम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा एवं विभिन्न खापों द्वारा आयोजित ओबरा रैली/महापंचायत में चौधरी चरण सिंह के सुपौत्र राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी शामिल होंगे। श्योराण खाप 84 के सचिव कर्मवीर फरटिया ने बताया कि लोहारू इलाके का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने दिल्ली गया था, जिसमें किसान नेत्री कविता आर्य व किसान नेता गोपीचंद बारवास शामिल थे। उन्होंने राज्यसभा सांसद जयन्त चौधरी से मुलाकात कर ओबरा किसान रैली/महापंचायत का न्योता दिया तथा जयन्त ने खुशी से न्योता स्वीकार कर ओबरा में आने की स्वीकृति दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# प्रश्नोत्तरी में आदर्श विद्या मंदिर प्रथम

- रामानुज एवं गणितीय शिक्षा में उत्कृष्टता को दी श्रद्धांजलि
- टीआईटी ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दी टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल एंड साइंसेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय गणित दिवस का जश्न बेहद उत्साह और जुनून के साथ मनाया गया। ये महत्वपूर्ण आयोजन, राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद, सरकार द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम में भारतीय गणितज्ञ, रामानुजन को श्रद्धांजलि दी गई। एमडीयू रोहतक में गणित विभाग के प्रोफेसर राजीव कुमार ने मुख्यतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और वैदिक गणित पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। उत्सव के मुख्य आकर्षण में एक मनोरम गणितीय प्रदर्शनी, एक प्रेरक पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और एक बौद्धिक रूप से आकर्षक गणित प्रश्नोत्तरी शामिल थी। 15 स्कूलों के लगभग 130 छात्रों ने गणित के क्षेत्र में अपने जुनून और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर मेधावी विद्यार्थियों को ट्राफियां और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राजकुमार शर्मा एवं महेंदर प्रुथी, जिन्हें प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गणित मॉडल प्रतियोगिता में टीआईटी भिवानी प्रथम, वैश्य मॉडल स्कूल द्वितीय तथा हलवासिया विद्या विहार तृतीय स्थान पर रहा।



**भिवानी।** मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## गणित रटने का नहीं समझने का विषय : श्रीभगवान



**चरखी दादरी।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस अवसर पर आर्यन कोचिंग सेंटर परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए संस्था संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने वर्तमान समय में गणित विषय के महत्व को विस्तार से सभी युवा विद्यार्थियो के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गणित मात्र एक पाठयक्रम का विषय भर नहीं है बल्कि पुरातन व आधुनिक दोनों ही विज्ञान के प्रत्येक सूत्र में इसका बड़ा योगदान है, इसके बिना किसी भी समाज के तकनीकि से परिपूर्ण होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। आयोजन के दौरान कोचिंग सेंटर सह संचालक व पिछले अनेक वर्षोंं से युवाओं को अपने ज्ञान व कौशल के जरिए गणित विषय में लगातार मार्गदर्शित व परांगत करने वाले श्रीभगवान शर्मा को भी साथी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

## विपक्ष को इकट्ठा होकर संघर्ष करने का किया आह्वान

# इंडिया गठबंधन ने सरकार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

इंडिया डेवलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) की विपक्षी कांग्रेस व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने संयुक्त रूप से शासक पार्टी द्वारा देश की संसदीय कार्यवाही से गैरकानूनी तरीके से 146 विपक्षी सांसदों को निष्कासित कर लोकतंत्र एवं संविधान को शर्मसार करने के विरोध में शहर में जुलूस निकाला तथा हांसी गेट पर विरोध स्वरूप सरकार की तानाशाही का पुतला फूंक रोष जताया।

दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता एवं हमदर्द प्रातः नेहरू पार्क में इकठ्ठे हुए तथा सभा की, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता सतबीर रतेरा व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास व महिला नेत्री संतोष देशवाल ने संयुक्त रूप से की। सभा में मंच संचालन माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने किया। दोनों पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा शासन की तानाशाही की घोर निंदा करते हुए आरोप लगाया कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत संसद में अवैध घुसपैठ होने दी और उसका बहाना बनाकर विपक्षी सांसदों निलंबित करके तानाशाही स्थापित कर दी है।






**भिवानी।** केंद्र सरकार का पुतला लेकर प्रदर्शन करते इंडिया गठबंधन के सदस्य, हांसी चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंकते इंडिया गठबंधन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### संस्थानों को कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा

आर्थिक संस्थानों को कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा, स्वतंत्र पत्रकारिता की आवाज को बंद कर स्वतंत्र पत्रकारों पर यूएपीए लगाकर उन्हें जेल में ठूंस दिया है, जो बिल्कुल गलत हैं। उन्होंने कहा कि जनता की एकता तोड़ने के लिए धर्म व जाति के आधार पर फूट डाली जा रही है। भाजपा व उसके सहयोगियों की ताकत बढ़ेगी तो देश के संविधान, लोकतंत्र, भाईचारा व एकता को खतरा पैदा हो जाएगा, इसलिए इंडिया गठबंधन के दलों को संकीर्ण दायरों से उपर उठकर एकता बनाकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हर हालत में हराकर मुहं तोड़ जबाव देना होना।

### ये रहे मौजूदः

विरोध प्रदर्शन में कमल सिंह प्रधान, माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश, मास्टर वजीर सिंह, महेन्द्र पाल यादव, कांग्रेस नेता नरेश तंवर, राजेन्द्र धानक, रामअवतार खोरड़ा आदि मौजूद रहे।



गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पताः 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।